(ii) छात्रवृत्ति के लिए प्रधानाचार्य को पत्र

सेवा में,

प्रधानाचार्य

डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल

आगरा

आदरणीय महोदय,

सविनय निवेदन यह है कि मैं आपके स्कूल में चौथी कक्षा का छात्र हूँ। मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। जिससे मुझे अपनी पढ़ाई आगे जारी रखने के लिए कठिनाई हो रही है। मुझे ज्ञात हुआ है कि हमारा विद्यालय आर्थिक रूप से कमज़ोर व प्रतिभाशाली छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करता है। मैं भी अपनी कक्षा में सदैव प्रथम आता रहा हूँ। मुझे छात्रवृत्ति प्रदान करने की कृपा करें।

धन्यवाद।



आपका आज्ञाकारी शिष्य

विक्रम

कक्षा – चतुर्थ 'ब'

दिनांक – 5.07.20.....

3. संपादक को गंदगी की सूचना हेतु पत्र

CLASS-IV

सेवा में ,
संपादक,
अमर उजाला,
लखनऊ।

विषय - गंदगी की सूचना हेतु पत्र।

महोदय,

आपको सूचित करना है कि शक्ति नगर वार्ड नं० 10 में सड़कों पर बहुत गंदगी है। लोग घरों का कूड़ा सड़क पर ही डाल देते हैं। सफ़ाई कर्मी कई दिनों से इधर नहीं आया है। गंदगी से बीमारी फैल सकती है।

आपसे विनम्र निवेदन है कि अपने समाचार पत्र में जनहित में यह सूचना प्रकाशित करने का कष्ट करें। क्षेत्रवासी आपकी इस उदारता हेतु सदैव आभारी रहेंगे।

सादर!

भवदीय

नवोदित पाल
ए-230, शक्ति नगर, लखनऊ
दिनांक : 20.08.2015

CLASS-IV

81. भाई के जन्म-दिन के उत्सव पर मित्र को निमंत्रण-पत्र लिखिए।

136, ब्लॉक-12
अर्जुन विहार
नई दिल्ली-110010

7 अक्तूबर 200...

प्रिय कमलकांत,

तुम्हें जानकर प्रसन्नता होगी कि 10 अक्तूबर को मेरे छोटे भाई अशोक का जन्म-दिन धूमधाम से मनाया जाएगा।

इस अवसर पर हमारे निवास-स्थान पर पार्टी का आयोजन किया गया है। इसमें नृत्य और गायन के साथ-साथ जलपान की व्यवस्था की गई है। पार्टी सायं सात बजे से आरंभ हो जाएगी। मेरी हार्दिक इच्छा है कि तुम इस उत्सव में अवश्य आओ। तुम्हारी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ जाएगी।

तुम्हारा मित्र
रमन कुमार मेहता

[CBSE Sample Paper-II, 2005]